# सरकार के सभी कार्यालय रुचि लेकर कार्य करें: अजय

## गृह मंत्रालय के सहायक निदेशक ने की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 18वीं अर्धवार्षिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में केंद्र सरकार के कार्यालयों, संस्थानों एवं बैंक-बीमा उपक्रमों में हिंदी राजभाषा के प्रयोग को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय गाजियाबाद के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) अजय कुमार चौधरी, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 18वीं अर्धवार्षिक बैठक में शामिल हुए। मेरठ रोड स्थित केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित हुई। समिति के सदस्य कार्यालयों में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों, बैंकों और बीमा संस्थानों में कार्यालयीन हिंदी के प्रयोग का मूल्यांकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं हिंदी गान के साथ हुआ। हिंदी गान की मधुर प्रस्तुति ने माहौल को राष्ट्रभाषा प्रेम से ओतप्रोत कर दिया। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। केनरा बैंक के मंडल प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव ने स्वागत संबोधन में कहा कि जैसे संस्कृत से संकृति है, वैसे ही हिंदी से हिंदुस्तान है। बैठक के दौरान बागपत जिले के अंतर्गत कार्यरत केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों, बैंकों एवं संस्थानों में पिछले छह महीनों में हिंदी के उपयोग की स्थिति की समीक्षा की गई। सहायक निदेशक अजय कुमार चौधरी ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय रुचि लेकर कार्य करें। राजभाषा हिंदी को अधिकाधिक कार्यालयी प्रयोग में लाने से हम बागपत जनपद के निवा. सियों को भारत सरकार की योजनाओं से बेहतर ढंग से जोड़ सकते हैं। भाषा लोगों की सेवा करने का सशक्त माध्यम है। इसे संवैधानिक दायित्व के साथ-साथ नैतिक कर्तव्य एवं सामाजिक दृष्टि से भी देखा जाए, क्योंकि यह लोगों



से जुड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय स्तर पर जारी वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने पर भी जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में सहायक निदेशक अजय कुमार चौधरी ने कहा कि सभी सदस्य कार्यालय रिपोर्ट सही ढंग से भरें, कार्यशालाओं का नियमित आयोजन हो, सभी कार्मिक हिंदी में प्रशिक्षित हों तथा पत्रिकाओं का अधिकाधिक प्रकाशन किया जाए। साथ ही उन्होंने माय भारत स्वयंसेवक अमन कुमार द्वारा समिति के कार्यों में दिए जा रहे स्वैच्छिक योगदान एवं हिंदी राजभाषा के प्रति प्रतिबद्धता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस दौरान अतिथियों ने कालिंदी धारा पत्रिका के नवीन अंक का विमोचन भी किया, जिसमें हिंदी में हो रहे रचनात्मक कार्यों और उपलब्धियों को संकलित किया गया है। इस विशेष अंक में सिनौली उत्खनन स्थल से जुड़े विभिन्न तथ्यों एवं बागपत प्रशासन के नवाचारी कार्यों का विशेष उल्लेख किया गया है। बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष मिन्हाजुल कमर ने बताया कि समिति को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसनीय श्रेणी में सम्मान मिला है, जिसमें सभी सदस्य कार्यालयों एवं समिति द्वारा किए जा रहे नवाचारी प्रयासों-जैसे हिंदी सेतु ऐप, कालिंदी धारा पत्रिका आदि-का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि अब समिति का लक्ष्य राजभाषा कीर्ति पुरस्कार है, जिसके लिए सभी मानकों को सुनिश्चित करते हुए कार्य किया जाएगा। वहीं बैंक एवं बीमा श्रेणी में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बागपत शाखा को प्रथम, बैंक ऑफ बड़ौदा, बागपत शाखा को द्वितीय, भारतीय स्टेट बैंक, बागपत शाखा को तृतीय तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बागपत शाखा को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन संस्थान के सहायक आयुक्त डा.आलोक कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन में योगदान देने वाले कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी अधिकारियों को सिनौली उत्खनन स्थल पर आधारित विशेष स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त अश्वनी कुमार, केंद्रीय विद्यालय बावली के प्राचार्य नवल सिंह, सहायक आयुक्त विकास गुप्ता, मनोज कुमार, प्रभा रानी, वंदना सिंह, प्रियंका, नवीन कुमार, पंकज मलिक, उमेश शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नराकास बागपत के प्रयासों को भारत सरकार से प्रशंसनीय श्रेणी में मिला पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सचिव अभय नाथ मिश्र ने कहा कि नराक. ास बागपत के प्रयासों को भारत सरकार से प्रशंसनीय श्रेणी में पुरस्कार मिला तथा कॉफी टेबल बुक में विशेष स्थान प्राप्त हुआ। भारत सरकार ने हिंदी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए व्यापक कार्य किया है। समिति के उद्देश्य को मजबूती देते हुए उपसमिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित हो रही हैं। उन्होंने सदस्य कार्यालयों से सुझाव आमंत्रित किए, जिससे समिति की कार्यप्रणाली और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली बन सके। वहीं समिति में जुड़े नए कार्यालयों का स्वागत किया गया। बैठक में यह भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि वर्तमान डिजिटल युग में हिंदी का प्रयोग पहले की तुलना में कहीं अधिक सरल, सुगम और प्रभावी हो गया है। विभिन्न ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म, यूनिकोड आधारित टाइपिंग टूल्स तथा अनुवाद सॉफ्टवेयर के माध्यम से कार्यालयीन कार्य हिंदी में सहजता से संपन्न किए जा सकते हैं। अधिकारियों ने सभी विभागों को प्रेरित किया कि वे अधिक से अधिक डिजिटल माध्यमों पर हिंदी का प्रयोग बढ़ाएं, जिससे न केवल कार्य की गति में सुधार होगा, बल्कि आम जनमानस तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की पहुंच भी अधिक सशक्त रूप से सुनिश्चित हो सकेगी। हिंदी के व्यापक उपयोग से प्रशासन और जनता के बीच संवाद और विश्वास दोनों मजबूत होंगे। वर्ष 2024-25 में राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट योगदान हेतु शिल्ड पुरस्कार घोषित किए गए, जिसमें कार्यालय श्रेणी में चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान, बागपत को प्रथम, अधीक्षक डाकघर कार्यालय, बागपत को द्वितीय, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, शरफाबाद को तृतीय तथा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, चांदीनगर को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता हमेशा अच्छी गुणवत्ता और सस्ती दवाएं लोगों तक पहुंच. ाना है। जन औषधि केंद्र से आमजन को 50 प्रतिशत से 90प्रतिशत तक की छूट पर दवाइयां मिलेंगी। कहा कि सबसे सस्ता सबसे अच्छा के संकल्प के साथ मोदी सरकार



जन-जन के स्वास्थ्य की चिंता कर रही है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा.विजय गर्ग, बीपीएम सचिन मलिक, प्रबंधक उमा सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट डा.पवन शर्मा, सचिन शर्मा बरवाला वरिष्ठ फार्मासिस्ट धर्मेंद्र वैधवान मेरठ मंडलीय अध्यक्ष ओमवीर डा.मनोज के अलावा डा.श्रवण भाजपा नेता राजगोपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी व लू के थपेड़ो से झुलसने लगे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में लु के थपेड़ो से झुलसाने लगी गर्मी यहां सूरज के तेवर तल्ख हो गए हैं। गर्मी के साथ लु भी चलने लगी है। गर्म लू चलने से सड़क पर चलने वाले बाइक सवारों के सामने गर्म हवाएं।

लु के थपेड़े इतने कातिल होते जा रहे हैं कि चेहरे पर मुसाफिर सूती कपड़ा लगाकर चलने का काम कर रहा है। सर के ऊपर सूक्मि तोलिया रखकर चेहरे को लपेटकर सड़कों पर भरी दुपहरी में चलने का काम स्कूटी लेकर चलने वाली युक्तियां ल से बचने का कार्य कर रही है। सोमवार को दिनभर गर्मी का प्रकोप इतना जबरदस्त था कि ऐसे में लोगों ने गर्मी से बचाव के राहत लेनी शुरू कर दिए।

सोमवार को दिनभर गर्म हवाएं चलती रही आज लोगो मई जैसी गर्मी का एहसास करना पड़ा 18 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलती रही। बाजारों में दोपहर के समय चहल-पहल भी काम देखने को मिली शाम को सूरज अस्त होने के बाद गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग ने इस सप्ताह तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचाने



का अनुमान जताया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अप्रैल के माह में इस तरह की गर्मी कभी नहीं देखी गई जैसी गर्मी अब देखने को मिल रही है। आगे आने वाले दो माह में मौसम कितना भयानक होगा यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

### एक नजर

## युवा आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी समाज और प्रदेश का समग्र विकास संभव होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आज मैं खुद रोजगार देने वाला बन गया हूँ, जो मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल ने युवाओं को नई दिशा दी है। यह योजना उन युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जो कुछ करने का जज्बा रखते हैं, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण आगे नहीं बढ़ पाते। जिलाधिकारी अस्मिता लाल भी इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लगातार सक्रिय हैं। वे समय-समय पर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना की प्रगति की समीक्षा करती हैं और निर्देश देती हैं कि अधिक से अधिक युवाओं तक इस योजना का लाभ पहुंचाया जाए। उनका मानना है कि जब युवा आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी समाज और प्रदेश का समग्र विकास संभव होगा। जनपद बागपत में इस योजना के तहत अब तक लगभग 2000 युवा लाभान्वित हो चुके हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में अपने-अपने व्यवसाय स्थापित कर चुके हैं। इनमें डेयरी, कृषि आधारित उद्योग, सर्विस सेक्टर, रिटेल व्यापार और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे अनेक क्षेत्र शामिल हैं। इन उद्यमों के माध्यम से न केवल युवाओं को आत्मनिर्भरता मिली है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का व्यापक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। पहले जहां युवा रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करते थे, वहीं अब वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में ही व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है, बल्कि सामाजिक संरचना भी सुदृढ़ हो रही है। योजना के अंतर्गत समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को भविष्य में 10 लाख तक का अतिरिक्त ऋण भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें। इसके अलावा 7.5 लाख तक के ऋण पर ब्याज अनुदान की सुविधा भी दी जाती है, जो युवाओं के लिए और अधिक सहायक साबित हो रही है। शोम. ीन खान की सफलता की कहानी यह साबित करती है कि यदि युवाओं को सही दिशा, मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग मिले, तो वे किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं और अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अपने जीवन में कुछ नया और बड़ा करना चाहते हैं। आज जब देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, ऐसे में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना जैसी पहलें इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह योजना न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि युवाओं के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को भी बढ़ावा देती है। अंततः कहा जा सकता है कि शोमीन खान की यह कहानी केवल एक व्यक्ति की सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस परिवर्तन की कहानी है, जो सरकार की योजनाओं और युवाओं के संकल्प के मिलन से संभव हुआ है। यह कहानी इस बात का सशक्त उदाहरण है कि जब अवसर और प्रयास एक साथ मिलते हैं, तो सफलता निश्चित होती है।

## युवाओं के जीवन में लिख रही है बदलाव की नई कहानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना आज युवाओं के जीवन में बदलाव की नई कहानी लिख रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने पैरों पर खड़े होने और दूसरों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में प्रेरित कर रही है। जनपद बागपत में जिलाधिकारी अस्मिता लाल के मार्गदर्शन में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगे हैं।

योजना का मूल उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने की मानसिकता से बाहर निकालकर उन्हें उद्यमिता की ओर अग्रसर करना है। इसके अंतर्गत 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को बिना ब्याज के 5 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपना सूक्ष्म उद्योग स्थापित कर सकें। यह ऋण न केवल आर्थिक रूप से सहायक है, बल्कि इसमें किसी प्रकार की कोलेटरल (गारंटी) की बाध्यता भी नहीं है, जिससे सामान्य पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए भी उद्यम स्थापित करना आसान हो गया है। इसी योजना के तहत जनपद बागपत के ग्राम बुडसैनी निवासी शोमीन खान की सफलता की कहानी आज अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले शोमीन खान ने अपनी मेहनत, लगन और सरकारी योजना के सहयोग से अपने जीवन की दिशा बदल दी। शोमीन खान ने बीएससी और बीएमएलटी की शिक्षा प्राप्त की है। पढ़ाई पूरी करने के बाद वे एक निजी अस्पताल में कार्यरत थे, जहां उन्हें लगभग 15,000 प्रति माह वेतन मिलता था। हालांकि वे अपने कार्य से संतुष्ट थे, लेकिन उनके भीतर हमेशा से कुछ बड़ा करने और स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की इच्छा थी। सीमित आय और संसाधनों के अभाव के कारण उनका यह सपना साकार नहीं हो पा रहा था। इसी बीच उन्हें विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों के जरिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। योजना के बारे में जानने के बाद उनके मन में आशा की एक नई किरण जगी।

उन्होंने बिना समय गंवाए जिला उद्योग केंद्र, बागपत में संपर्क किया, जहां उन्हें योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला उद्योग केंद्र में तैनात सीएम युवा फैलो ने उन्हें आवेदन प्रक्रिया से लेकर बैंकिंग औपचारिकताओं तक हर स्तर पर मार्गदर्शन दिया। उन्हें बताया गया कि यह योजना पूर्णतः ब्याज मुक्त है और इसके तहत मिलने वाला ऋण बिना किसी गारंटी के उपलब्ध कराया जाता है। यह जानकारी उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक साबित हुई और उन्होंने अपने उद्यम की दिशा में पहला कदम बढ़ाने का निर्णय लिया।

अपनी शैक्षिक योग्यता और रुचि को ध्यान में रखते हुए शोमीन खान ने पैथोलॉजी लैब स्थापित करने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिली और बैंक द्वारा उन्हें ऋण प्रदान किया गया।

### बिना ब्याज ऋण मिलने से मुझ पर कोई आर्थिक बोझ नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लगातार प्रयासों और प्रशासनिक सहयोग के फलस्वरूप सितंबर 2025 में अमीनगर सराय, बागपत में उनका उद्यम 'मेट्रो पैथोलॉजी लैब' स्थापित हो गया। शुरुआत में उन्होंने सीमित संसाधनों के साथ कार्य प्रारंभ किया, लेकिन उनकी मेहनत और सेवा की गुणवत्ता ने जल्द ही उन्हें पहचान दिला दी। धीरे-धीरे उनके लैब में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी और उनका व्यवसाय गति पकड़ने लगा। आज शोमीन खान की मेट्रो पैथोलॉजी लैब क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बन चुकी है।

उन्होंने न केवल अपने लिए एक स्थायी आजीविका का साधन तैयार किया, बल्कि एक अन्य व्यक्ति को भी रोजगार प्रदान किया है। इस प्रकार वे न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि समाज में रोजगार सृजन कर एक सकारात्मक योगदान भी दे रहे हैं। आर्थिक दृष्टि से भी उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। जहां पहले उनकी मासिक आय लगभग 15,000 थी, वहीं अब यह बढ़कर लगभग 40,000 प्रति माह हो गई है। इस आय वृद्धि ने उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया है और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है। शोमीन खान बताते हैं कि यदि उन्हें इस योजना का सहयोग न मिला होता, तो शायद वे आज भी सीमित आय पर निर्भर रहते। वे कहते हैं, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना ने मेरे सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई है। बिना ब्याज ऋण मिलने से मुझ पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ा और मैं पूरी निश्चिंतता के साथ अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सका।

## अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक का हुआ आयोजन

eFkjkA अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन गोकुल बैराज स्थिति रामव. ीर सिंह बरंगर के निवास पर किया गया। बैठक में अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह (पूर्व विधायक) मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। चौधरी प्रताप सिंह ने 29 मई को सादाबाद में किसान मसीहा, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर किसानों की महा पंचायत आयोजित करने पर विचार विमर्श किया। आज किसान दयनीय हालत में है। किसानों को सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य भी अपनी फसल का नहीं मिल रहा। प्राकृति आपदा से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। किसानों का आलू बरसात ने बर्बाद कर दिया। मंडी में उचित मूल्य नहीं ना मिलने से किसान कर्ज में डूब रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष रामवीर सिंह बरंगर ने बताया कि किसानों को गेहूँ की सरकारी खरीद शुरू ना होने के कारण गरीब किसान अपनी फसल को घोषित समर्थन मूल्य से कम पर बेचने को विवश है। सरकार से समर्थन मूल्य पर शीघ्र क्रय करने की व्यवस्था करने का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी ने परिस्थितियों को देखते हुए बताया कि खरीफ फसल के लिए खाद की समस्या पैदा हो सकती है। सरकार को अभी से किसानों की समस्या का समाधान निकालना होगा। अगर सरकार ने उचित प्रबंध नहीं किये तो खाद के अभाव में किसान खरीफ की बुवाई नहीं कर पाएंगे। प्रदेश में बिजली की समस्या और प्रीपैड मीटर पर रोष व्यक्त किया। बैठक में चौधरी रामवीर सिंह उपाध्यक्ष ने किसानों की बर्बाद हुई फसल का उचित मुआवजा देने की मांग की। बिना किसी भेदभाव के सभी किसानों को उनकी फसल का मुआवजा समय से मिलना चाहिए। उपस्थित समस्त पदाधिकारीयों ने एकमत होकर जाट समाज को केंद्रीय सेवाओं में ओ बी सी आरक्षण देने की मांग को उठाया। केंद्र सरकार के द्वारा जाट समाज को अनेकों बार आरक्षण देने का आश्वासन दिया गया है लेकिन कोई निर्णय अभी तक सरकार द्वारा नहीं लिया गया है।

## व्यापारी संगठनों ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में बिनौली रोड प्रकरण जिसमे सांकेत के कुछ तथाकथित नेता अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए व्यापारियों को आतंकित एंव धरना प्रदर्शन कर प्रशासन पर नाजायज दबाव बना कर सर्विस रोड 20 फिट कि डिमांड कर रहे है, ताकि व्यापारी परेशान होकर यहां से पलायन कर जाये, उसके विरोध मे व्यापारी संगठनों ने उपजिलाधिकारी बड़ौत को ज्ञापन दिया कि PWD के नक्शे के अनुसार ही सर्विस रोड बनाई जाये। ज्यादती बर्दास्त नहीं की जाएगी, एंव जो व्यक्ति भय का वातावरण बनाना चाह रहे है उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही कि जाये। ज्ञापन देने के बाद सभी व्यापारी थाना बड़ौत गए और थाना प्रभारी से भय का वातावरण पैदा करने वालो, जान से मारने कि धमकी देने वालो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने का अनुरोध किया। व्यापारी नेता डा. योगेश जिन्दल ने कहा कि यदि प्रशासन इन नेताओं के दबाव मे आकर नियम विरुद्ध कार्य करेगा तो व्यापारी आंदोलन करने पर मजबूर होगा। बाजार बंद किये जायेंगे, और यदि ज्यादा परेशान किया गया तो व्यापारी सामूहिक रूप से बड़ौत से पलायन करने पर मजबूर होगा जिसकी जिम्मेवारी इन नेताओं और इन्हे संरक्षण देने वालो की होंगी। ज्ञापन देने वालों में अंकुर जैन प्रधान



अतुल जैन ओंकार शर्मा अतुल जैन डिंपल अतुल राय जैन अखिलेश जैन मुदित जैन पोली जैन अखिलेश जैन मोहित जैन अंकुर जिंदल सौरव जैन मैनुद्दीन अब्बासी सभासद बिज. ेंदर कश्यप अयूब अलविदा दानिश कुरेशी राकेश वर्मा शेखर वर्मा देवेंद्र गुप्ता सुभाष ठेकेदार सतेंद्र गोयल प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट होने से परचून की दो दुकानों में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड पर शॉर्ट सर्किट होने से परचून की दो दुकानों में सोमवार को सुबह सवेरे आग लगने से हर हड़काम मच गया। कन्फेक्शनरी की दुकान में आग लगने से लगभग एक करोड़ रुपए का नुकसान हो गया।

नगर के कोताना रोड पर देवेंद्र पुत्र चदकी राम की राम ज्ञानू परचून की लंबे समय से दुकान थी। बराबर में कन्फेक्शनरी की दुकान थी उसमें भी आग लग गई जिसमें तीनों दुक. ानों का लाखों रुपए का रखा हुआ परचून का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के ऊपर बने मकान तक भी आग पहुंच गई। मकान में सो रहे परिवार में हड़कंप मच गया। मकान से इधर-उधर भागने लगे आज की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। परिजन काफी नुकसान होने से परिजनों में गम का माहौल है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आज पर काबू पाया आग लगे पर कोताना रोड पर रहने वाले आसपास के दुकानदार एवं मकान मालिक भी आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े मगर आग पर किसी प्रकार का काबू नहीं पाया गया। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। गाली मत रही कि मकान के बने ऊपर मकान में आज नहीं फैली इससे पूर्व में ही आग पर काबू पा लिया गया जिसमें देवेंद्र पुत्र चंदकी राम ज्ञानू का परचून का रखा सामान जलकर राख हो गया। इसकी भरपाई अभी तक यह नहीं



हो पाई की समान कितने रुपए का है। मगर पूरा आंकड़ा एक करोड़ रुपए के आसपास का बताया जा रहा है यह आग लगने की घटना सुबह 6 बजे के आसपास की है जब तक मार्केट में कोई भी दुकान नहीं खुली थी। सभी दुकानदार शाम को अपनी दुकान बंद करके अपने घर चले जाते हैं और सुबह जाकर दुकान को खोलते हैं चदकी पुत्र देवेंद्र पुत्र ज्ञानू निवासी ढिकाना लंबे समय से कोताना रोड पर परचून की दुकान करते आ रहे हैं।

## बस सेवा शुरू होने पर जनपद में लोगों में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर से रोडवेज उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस सेवा बडौत नगर से लखनऊ तक दौड़ने के लिए बस सेवा शुरू होने पर जनपद बागपत के मुसाफिरों क्षेत्र के सम्मानित लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह बस सेवा नगर के डिपो से लखनऊ तक दौड़ेगी इसकी समय सारणी भी क्लियर कर दी गई है मुसाफिरों को यह सुविधा सुबह 9:30 बजे शुरू की गई है।

डिपो प्रबंधक ने बताया कि समय से पहले स्टैंड पर सभी मुसाफिर इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए आने का कार्य करते रहे।

## युवाओं को मिलेगी सेमीकंडक्टर की ट्रेनिंग, बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) और उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (डवन्) हुआ है। इस समझौते का मकसद उत्तर प्रदेश के युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर जैसे आधुनिक क्षेत्रों में दक्ष बनाना है, ताकि प्रदेश को एक वैश्विक औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके।

इस साझेदारी के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग (ESDM) सेक्टर में कुशल युवाओं की कमी को दूर करने पर जोर दिया जाएगा। ईएसएससीआई राज्य में युवाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण, अपस्किलिंग





और रिस्किलिंग कार्यक्रम तैयार करेगा। इसमें सेमीकंडक्टर डिजाइन, फैब्रिकेशन और हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग जैसे आधुनिक क्षेत्रों पर खास ध्यान रहेगा। यूपीएलसी अपने राज्यव्यापी नेटवर्क के जरिए ईएसएससीआई को स्कूलों, कॉलेजों, शोध संस्थानों और सरकारी विभागों से जोड़ेगा। इसके अलावा, दोनों संस्थाएं मिलकर राज्य में वर्कफोर्स की कमी को दूर करेंगी और भविष्य की जरूरतों की पहचान करेंगी। इसके अलावा, राज्य में रिसर्च और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एक (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) (Centre of EÛcellence) स्थापित करने की भी योजना है। ईएसएससीआई के सीईओ माधवेन्द्र सिंह ने इस मौके पर कहा कि यह समझौता भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के लिए भविष्य की वर्कफोर्स तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम है। हमारा लक्ष्य केवल युवाओं को रोजगार दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें इनोवेशन का नेतृत्व करने के काबिल बनाना है। यूपीएलसी के बुनियादी ढांचे और हमारी तकनीकी विशेषज्ञता के साथ मिलकर हम उत्तर प्रदेश को वैश्विक मानकों पर खड़ा करेंगे। इस पहल से स्थानीय युवाओं को न केवल विश्व स्तरीय ट्रेनिंग मिलेगी, बल्कि उन्हें सीधे उद्योगों से जोड़कर प्लेसमेंट में भी मदद की जाएगी। इससे उत्तर प्रदेश दुनिया की बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के लिए निवेश का सबसे पसंदीदा स्थान बनकर उभरेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

